भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2056
05 अगस्त, 2021 को जवाब दिया

देश में टेक्सटाइल और एपेरेल पार्क

2056 श्रीमती फूलो देवी नेतमः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में स्थापित किए गए एपेरेल पार्कों, मेगा एपेरेल पार्कों, टेक्सटाइल पार्कों आदि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार वस्त्र उद्योग के विकास के लिए मेगा एपेरेल पार्क, टेक्सटाइल पार्क सहित साझा बुनियादी ढाँचे की स्थापना करने का विचार रखती है; और

(ग) वस्त्र उद्योग के लिए कौन-कौन सी योजनाएँ चलाई जा रही हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क) और (ख): 11वीं पंचवर्षीय योजना से शुरू की गई एकीकृत वस्त्र पार्क योजना (एसआईटीपी) के तहत, 66 पार्कों को मंजूरी दी गई है। 66 पार्कों में से, 10 पार्क रद्द कर दिए गए हैं, 24 पार्क योजना दिशानिर्देश के अनुसार पूरे हो चुके हैं और 32 विभिन्न राज्यों में कार्यान्वयन के अधीन हैं। ऐसे पार्कों की सूची अनुबंध में दी गई है।

केंद्रीय बजट 2021-22 में, यह घोषणा की गई है कि मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्रों और अपैरल पार्क की एक योजना का शुभारंभ किया जाएगा। इस योजना के तहत, अगले तीन वर्षों में देश में सात मेगा वस्त्र पार्क स्थापित किए जाएंगे। वस्त्र मंत्रालय योजना हेतु मंत्रिमंडल का अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया में है।

(ग): सरकार देश में वस्त्र क्षेत्र में समग्र विकास तथा घरेलू विनिर्माण और निर्यात के संवर्धन के लिए संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन योजना (एटीयूएफ), राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी), राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम, विद्युतकरघा क्षेत्र के विकास हेतु एक व्यापक योजना – पावरटेक्स इंडिया, व्यापक विद्युतकरघा कलस्टर विकास योजना, सिल्क समग्र, पटसन (आई-केयर) - (बेहतर उपज तथा उन्नत रेटिंग क्रियाकलाप), एकीकृत ऊन

विकास कार्यक्रम, वस्त्र क्षेत्र, तकनीकी वस्त्र आदि में क्षमता निर्माण हेतु योजना – समर्थ जैसी कई योजनाएं कार्यान्वित कर रही है।

इसके अलावा, देश में प्रतिस्पर्धी मूल्य पर कच्चे माल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, सरकार ने पीपल्स रिपिब्लक ऑफ चाइना, ईरान, इंडोनेशिया, मलेशिया, ताइवान, कोरिया आरपी तथा थाइलैंड में निर्मित या भारत को निर्यातित शुद्धिकृत टैरिफथैलिक एसिड (पीटीए) (एमएमएफ फाइबर तथा यार्न के निर्माण हेतु एक प्रमुख कच्चा माल) पर पाटनरोधी शुल्क हटा दिया है तथा थाइलैंड में निर्मित या भारत को निर्यातित एक्रीलिक फाइबर (एक्रीलिक यार्न तथा निटवियर उद्योग हेतु कच्चा माल) पर पाटनरोधी शुल्क भी हटा दिया है।

सरकार ने दिनांक 31 मार्च, 2024 तक अपैरल/गारमेंट तथा मेडअप्स के निर्यात पर राज्य तथा केंद्रीय करों और लेवियों पर छूट (आरओएससीटीएल) को जारी रखने के लिए अपना अनुमोदन भी दे दिया है। आरओएससीटीएल के तहत शामिल नहीं होने वाले अन्य वस्त्र उत्पाद यदि हैं, तो वे निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों पर छूट के तहत अन्य उत्पादों के साथ लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे। आरओएससीटीएल तथा आरओडीटीईपी योजना के तहत शुल्क और कर में यह छूट उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में लागत प्रतिस्पर्धी बनाएगी।

इसके अलावा, वस्त्र उद्योग को सहायता करने के लिए संकेंद्रित उत्पाद प्रोत्साहन योजना तथा मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र तथा अपैरल पार्क योजनाएं भी तैयार की जा रही हैं।

अनुबंध

जारी वस्त्र पार्कों की सूची

क्र.सं.	पार्क का नाम	राज्य
1	हिंदूपुर व्यापर अपैरल पार्क लिमिटेड	आंध्र प्रदेश
2	एमएएस फैब्रिक पार्क (इंडिया लिमिटेड)	आंध्र प्रदेश
3	तारकेश्वर टेक्सटाइल पार्क	आंध्र प्रदेश
4	गुंटूर टेक्सटाइल पार्क, गुंटूर	आंध्र प्रदेश
5	प्राग ज्योति टेक्सटाइल पार्क	असम
6	केजरीवाल इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क	गुजरात
7	शांति इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड	गुजरात
8	पलसाना आईटीपी पार्क	गुजरात
9	अमितारा ग्रीन हाई टेक टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट	गुजरात
10	एनएसपी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड	गुजरात
11	करंज एकीकृत वस्त्र पार्क	गुजरात
12	शाहलॉन टेक्सटाइल पार्क	गुजरात
13	अलीशान इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क	हरियाणा
14	हिमाचल टेक्सटाइल पार्क	हिमाचल प्रदेश
15	जम्मू और कश्मीर वस्त्र पार्क	जम्मू और कश्मीर
16	कश्मीर ऊन और रेशम वस्त्र पार्क, घाटी	जम्मू और कश्मीर
17	पूर्णा ग्लोबल टेक्सटाइल्स पार्क लि.	महाराष्ट्र
18	कलप्पना अवाडे टेक्सटाइल पार्क	महाराष्ट्र
19	सत्यराज इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क	महाराष्ट्र
20	धुले टेक्सटाइल पार्क, धुले	महाराष्ट्र
21	हिंगनघाट टेक्सटाइल पार्क	महाराष्ट्र
22	श्री गणेश, धुले	महाराष्ट्र
23	रिदम टेक्सटाइल एंड अपैरल पार्क लिमिटेड	पंजाब
24	लुधियाना इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड	पंजाब
25	किशनगढ़ हाई-टेक टेक्सटाइल वीविंग पार्क लिमिटेड	राजस्थान
26	सिमा टेक्सटाइल प्रोसेसिंग सेंटर	तमिलनाडु
27	पेरारिग्नार अन्ना हैंडलूम सिल्क पार्क	तमिलनाडु
28	पल्लवड़ा टेक्सटाइल पार्क	तमिलनाडु
29	द ग्रेट इंडियन लिनन एंड टेक्सटाइल इन्फ्रास्ट्रक्चर	तमिलनाडु
30	व्हाइट गोल्ड टेक्सटाइल पार्क	तेलंगाना
31	ईआईजीएमईएफ परिधान पार्क लिमिटेड	पश्चिम बंगाल
32	होजरी पार्क, हावड़ा	पश्चिम बंगाल

पूरित पार्कों की सूची

क्र.सं.	पार्क का नाम	राज्य
1	ब्रैंडिक्स इंडिया अपैरल सिटी प्राइवेट लिमिटेड	आंध्र प्रदेश
2	गुजरात इको टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड	गुजरात
3	मुंद्रा एसईजेड टेक्सटाइल एंड अपैरल पार्क लिमिटेड	गुजरात
4	फेयरडील टेक्सटाइल पार्क प्रा. लिमिटेड.	गुजरात
5	व्रज इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड	गुजरात
6	सयाना टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड, सूरत	गुजरात
7	सूरत सुपर यार्न पार्क लिमिटेड	गुजरात
8	आरजेडी इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क, सूरत	गुजरात
9	डोड्डाबल्लापुर इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क	कर्नाटक
10	मेट्रो हाई-टेक कोऑपरेटिव पार्क लिमिटेड	महाराष्ट्र
11	प्राइड इंडिया कोऑपरेटिव टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड	महाराष्ट्र
12	बारामती हाई टेक टेक्सटाइल पार्क लिमिटेड	महाराष्ट्र
13	दीसान इन्फ्रास्ट्रक्चर, प्राइवेट लिमिटेड	महाराष्ट्र
14	असमीता इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड	महाराष्ट्र
15	इस्लामपुर इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड	महाराष्ट्र
16	लातूर इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड	महाराष्ट्र
17	लोटस इंटीग्रेटेड टेक्स पार्क	पंजाब
18	नेक्स्ट जेन टेक्सटाइल पार्क प्राइवेट लिमिटेड	राजस्थान
19	जयपुर इंटीग्रेटेड टेक्सक्राफ्ट पार्क प्राइवेट लिमिटेड	राजस्थान
20	पल्लदम हाई-टेक वीविंग पार्क	तमिलनाडु
21	करूर इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क	तमिलनाडु
22	मदुरै एकीकृत वस्त्र पार्क लिमिटेड	तमिलनाडु
23	कोमारपलायम वस्त्र पार्क	तमिलनाडु
24	पोचमपल्ली हैंडलूम पार्क लिमिटेड, तेलंगाना	तेलंगाना

निरस्त किए गए पार्कों की सूची

क्र.सं.	पार्क का नाम	राज्य
1	सीएलसी टेक्सटाइल पार्क	मध्य प्रदेश
2	जयपुर कालीन टेक्सटाइल पार्क, राजस्थान	राजस्थान
3	एशियाटिक कॉपरेटिव टेक्सटाइल पार्क	महाराष्ट्र
4	हिममादा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क	राजस्थान
5	श्रीनाथ इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क	राजस्थान
6	गौतम बुद्ध टेक्सटाइल पार्क	आंध्र प्रदेश
7	जयपुर टेक्सविविंग पार्क	राजस्थान
8	गुलबर्गा टेक्सटाइल पार्क	कर्नाटक
9	इकोटेक्स	उत्तर प्रदेश
10	फरुखाबाद एकीकृत वस्त्र पार्क	उत्तर प्रदेश

***